SABGURU NEWS

RNI TATLE CODE NO.RAJBIL27046

सबगुरु न्यूज़ डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक https://www.facebook.com/sabgurunews
वेबसाइट लिंक https://www.sabguru.com
यूट्यूब चैनल लिंक
https :// www. youtube .com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link: https :// www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

सम्पादक -विजय सिंह

मो. 9887907277 Email ID.subgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

24 घंटे समाचारों का अपडेट
QRCode स्कैन कर website पर visit करें

वर्ष 1 | अंक 2 | अजमेर, सोमवार 10 जुलाई 2023 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4


## सम्पादकीय

## जन सम्मान वीड्यो प्रतियोगिता के प्रति लोगों में क्रेज

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा आम आदमी तक पहुंचाने के लिए अनूठी पहल जन सम्मान वीडियो प्रतियोगिता के जरिए विपक्षी दलों को भी चुनाव से पहले ही पछाडने के प्लान पर अमल करना शुरू कर दिया है।इस प्रतियोगिता के शुरुआती दौर में ही प्रदेश की जनता में इसके प्रति भारी उत्साह है और लोगों में जनसम्मान जयराजस्थान का प्रयोग करते हुए अपने दो सोशल मीडिया हैंडल पर राज्य की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी से संबंधित वीडियो अपलोड करने की होड़ लगी हुई हैं।सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और आमजन को इनका वास्तविक लाभ मिलना सुनिश्चित करने के लिए महंगाई राहत शिविरों के बाद शुक्रवार को जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट की शुरुआत की थी। प्रचार के दौर में गहलोत सरकार की ऐतिहासिक मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना सहित ऐसी कई जनहितकारी योजनाएं हैं जिनकी जानकारी के अभाव में लोग इसके लाभ से वंचित रह जाते हैं लेकिन पहली बार देखने को मिल रहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री गहलोत स्वयं इतने सक्रिय हैं कि अपनी योजनाओं का फायदा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए न केवल निगरानी रख रहे है बल्कि स्वयं रात दिन एक कर रहे हैं।

बीते दिनों पैर फिसल जाने से मुख्यमंत्री गहलोत के दोनों पैरों के अंगूठे में चोट लगने के बावजूद वे अपने सरकारी निवास से ही सक्रिय है और उनका बराबर उसी प्रकार लोगों से मिलना जुलना जारी है और वह सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के भरसक प्रयास कर रहे हैं।गहलोत का कहना है कि उनका हमेशा जनता की सेवा करना ध्येय रहा है और महंगाई के दौर में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए न केवल योजनाएं बनाई हैं बल्कि इन्हें धरातल पर लागू करना भी सुनिश्चित किया गया है और इसी के तहत वह काम कर रहे हैं और लोगों का सहयोग भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई राहत शिविरों के बाद अब जन सम्मान वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन कर सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लोगों तक फायदा पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे है।

मुख्यमंत्री ने इस प्रतियोगिता का आगाज करते समय भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा महंगाई से राहत देने के लिए संचालित दस जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र परिवार वंचित नहीं रहेए इसके लिए जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट की शुरुआत की है। इस कॉन्टेस्ट के माध्यम से जहां महंगाई राहत अभियान में आमजन की सहभागिता निरन्तर बनाए रखने में सहायता मिलेगी वहीं लोगों को सरकार की अन्य जनहितकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी।प्रदेश में संचालित महंगाई राहत शिविरों के प्रति भी लोगों ने भारी उत्साह दिखाया और अब तक प्रदेश के लगभग एक करोड़ 80 लाख परिवारों ने इसमें अपना पंजीकरण कराया है और अब शेष रहे लगभग 15 लाख परिवारों को भी जोड़ने का काम इस वीडियो कॉन्टेस्ट के माध्यम से हो सकेगा।

# एक भी परिवार महंगाई राहत योजनाओं के लाभ से न रहे वंचित -गहलोत

**◆ मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट ◆ योजनाओं के वीडियो अपलोड कर आमजन प्रतिदिन जीत सकते हैं पुरस्कार**



अजमेर/जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा महंगाई से राहत देने के लिए संचालित 10 जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र परिवार वंचित नहीं रहे इसके लिए जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट की शुरुआत की गई है। इस कॉन्टेस्ट के माध्यम से जहां महंगाई राहत अभियान में आमजन की सहभागिता निरन्तर बनाए रखने में सहायता मिलेगी वहीं लोगों को सरकार की अन्य जनहितकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी।

गहलोत ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्टेस्ट का शुभारम्भ करते हुए अपने वीडियो संदेश में कहा कि महंगाई राहत कैम्पों में अब तक प्रदेश के लगभग 1 करोड़ 80 लाख परिवारों ने पंजीकरण करवाया है। इस वीडियो कॉन्टेस्ट के माध्यम से शेष रहे करीब 15 लाख परिवारों को जोड़ने का काम हो सकेगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनसे सम्बन्धित 30 से 120 सैकण्ड का वीडियो बनाकर #JanSammanJaiRajasthan टैग के साथ कम से कम दो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड करें एवं उन वीडियोज का लिंक वेबसाइट Jansamman. rajasthan. gov. in पर शेयर करें।

गहलोत ने कहा कि आमजन द्वारा महंगाई राहत कैम्प में शामिल 10 योजनाओं के साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से सम्बन्धित वीडियो बनाए जा सकते हैं। साथ ही वीडियो बनाने के लिए एक से अधिक योजनाओं का चुनाव भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी भी इस मुहिम से जुड़े इसके लिए प्रतिदिन प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपयेए द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन 1000 रुपए के 100 प्रेरणा पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

### कॉन्टेस्ट में भाग लेने के लिए पात्रता

- प्रतिभागी जनआधार में पंजीकृत हो।
- प्रतिभागी का स्वयं का बैंक खाता हो तथा वह जनआधार में पंजीकृत हो ;स्वयं का खाता नहीं होने पर जनआधार से लिंक अन्य बैंक खाते हेतु सहमति
- प्रतिभागी कॉन्टेस्ट के लिये अपलोड किए जाने वाले वीडियो अथवा उसके किसी भी भाग को राज्य सरकार द्वारा अपनी योजनाओं के प्रचार-प्रसार व अन्य समुचित उपयोग किए जाने पर सहमत हो।
- यह प्रतियोगिता 6 अगस्त 2023 तक चलेगी।

### कॉन्टेस्ट में ये वीडियोज हो सकेंगे शामिल

- महंगाई राहत कैम्पों से संबंधित कोई सफलता की कहानी।
- महंगाई राहत कैम्पों में शामिल 10 योजनाएं एवं राज्य सरकार की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर आधारित वीडियो।
- योजनाओं से प्राप्त लाभ एवं इनसे लाभार्थी के जीवन में आए सकारात्मक प्रभाव या परिवर्तन।
- वीडियो किसी व्यक्ति जाति और समुदाय की भावना एवं राष्ट्रीय एकता व अखण्डता को ठेस पहुंचाने वाला तथा अश्लील प्रकृति का नहीं होना चाहिए।
- वीडियो में राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी और तथ्य प्रामाणिक होने चाहिए।
- वीडियो ओरिजिनल होना चाहिए कहीं से कॉपी किया हुआ नहीं होना चाहिए।

### यह होगी चयन की प्रक्रिया

- प्रतिदिन वीडियोज की स्क्रीनिंग के लिए एक 15 सदस्यीय स्क्रीनिंग पैनल तथा एक राज्य स्तरीय चयन समिति बनाई गई है।
- प्रत्येक दिन की प्रतियोगिता का परिणाम दो दिन बाद जारी किया जाएगा। यथा. 7 जुलाई का परिणाम 10 जुलाई एवं 8 जुलाई का परिणाम 11 जुलाई को जारी होगा।
- परिणाम प्रकाशित होने के दिन ही विजेताओं के बैंक खातों में ऑनलाइन डीबीटी के माध्यम से पुरस्कार राशि हस्तांतरित की जाएगी।

## 20 अगस्त को जयपुर में महिलाओं का महासम्मेलन राज्यपाल ने किया पोस्टर का विमोचन

जयपुर। अगले माह 20 अगस्त को प्रदेश की राजधानी जयपुर में महिलाओं का महासम्मेलन संवर्धिनी आयोजित होने जा रहा है। सम्मेलन की तैयारियों के बीच बुधवार को राज्यपाल ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र के साथ संवर्धिनी महासम्मेलन आयोजनकर्ताओं की कोर टीम उपस्थित थी। महासम्मेलन के बारे में बताते हुए टीम की सदस्य संगीता जांगिड़ ने कहा कि यह सम्मेलन 20 अगस्त को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। आज हमारा देश विश्व में शक्ति संपन्न, वैभव संपन्न, ज्ञान विज्ञान से परिपूर्ण, तथा पूरी दुनिया को शांति के पथ पर ले जाने वाला बनने की ओर अग्रसर है वहीं दूसरी ओर अनेक चुनौतियां भी हमारे देश के विकास में बाधक बन कर सामने खड़ी हैं। चाहे स्त्री उत्पीड़न हो या फिर आंतरिक सुरक्षा का विषयए परिवारों में संस्कारों का हनन हो अथवा बेटियों की सुरक्षा अनेक विषय ऐसे हैं जिनका समाधान समाज को मिलकर सोचना होगा विशेषकर स्त्री शक्ति को।उन्होंने कहा कि भारत की हर स्त्री प्रतिभाशाली है। बस उसे स्वयं को पहचानने की आवश्यकता है।



# PM lays foundation stone and dedicates to nation development projects worth over Rs 24,300 crore in Bikaner

Bikaner. The Prime Minister, Narendra Modi laid the foundation stone and dedicated to the nation development projects worth over Rs 24,300 crore in Bikaner, Rajasthan today. The projects include the dedication of the six-lane Greenfield Expressway section of the Amritsar-Jamnagar Economic Corridor at a cost of around Rs 11,125 crores, Phase-I of the Inter-State Transmission Line for Green Energy Corridor worth around Rs 10,950 crores, Bikaner to Bhiwadi Transmission Line to be developed by Power Grid at a cost of around Rs 1,340 crores, and a new 30-bedded Employees' State Insurance Corporation (ESIC) Hospital in Bikaner. The Prime Minister laid the foundation stone for the redevelopment of the Bikaner Railway Station at a cost of around Rs 450 crores and doubling of the 43 km long Churu – Ratangarh section railway line

Addressing the gathering, the Prime Minister paid homage to the land of warriors and remarked that the people dedicated to the development of the state always present an opportunity that he makes himself available to dedicate the development projects to the nation. Referring to the projects of today worth more than 24,000 crores, the Prime Minister noted that Rajasthan got two modern six-lane expressways within a matter of months. Recalling the inauguration of the Delhi - Dausa - Lalsot section of the Delhi - Mumbai Express Corridor in February, the Prime Minister expressed gratitude for getting the opportunity to inaugurate the 500 km six-lane greenfield expressway section of the Amritsar - Jamnagar Expressway today. "In a way, Rajasthan has scored a double century when it comes to National Highways", he added. The Prime Minister also congratulated the people of Bikaner and Rajasthan for the Green Energy Corridor and the Employees' State Insurance Corporation (ESIC) Hospital.



The Prime Minister said that Rajasthan has always been full of capabilities and potential. It is because of this potential for growth, the Prime Minister said, that record investment is being made in the state. Connectivity is being made hi-tech as there are endless possibilities for industrial development. Fast-speed expressways and railways will give a push to tourism opportunities which will benefit the youth of the state, he said.

Referring to the Green Field Expressway which was inaugurated today, the Prime Minister said that it will connect Rajasthan with Haryana, Punjab, Gujarat and Jammu and Kashmir, while important commercial seaports like Jamnagar and Kandla will also become accessible from Bikaner and Rajasthan. He underlined that the distances between Bikaner and Amritsar, and Jodhpur will be reduced, along with the distance between Jodhpur and Gujarat which will largely benefit the farmers and businesses of the region. "This Greenfield Expressway will strengthen the economic activities in entire western India", the Prime Minister said as he highlighted the increased connectivity with oil field refineries which will strengthen the supply, thereby giving pace to economic developments in the country.

Talking about the doubling of the railway line, the Prime Minister highlighted the priority given to the growth of Railways in Rajasthan. He informed that between 2004-2014 Rajasthan received less than Rs 1000 crores per year on average for railways whereas after 2014, the state received Rs 10,000 crores every year on average.The Prime Minister said that the biggest beneficiaries of this infrastructure push are small businessmen and small-scale industries. He mentioned Bikaner's Achaar, papad, namkeen and said that with better connectivity, these small businesses will be able to take their products to every corner of the world.

Continuing with the efforts for Rajasthan's development, the Prime Minister mentioned the Vibrant Village scheme for the long-neglected border villages. "We declared the frontier villages the 'first villages' of the country. Leading to development in these regions and a renewed interest among the people of the country about visiting these areas", he said.

The Prime Minister talked about the blessings of Karni Mata and Salasar Balaji in Rajasthan and said that the state should be at the peak of development. That is why the Government of India is working for the growth of Rajasthan with all its might. He concluded with the hope that the combined effort of everyone will realize all the development goals of Rajasthan.

Governor of Rajasthan, Shri Kalraj Mishra, Union Minister for Road, Transport and Highways, Shri Nitin Gadkari, Union Minister for Law and Justice, Shri Arjun Ram Meghwal, Union Minister for Jal Shakti, Shri Gajendra Singh Shekhawat, and Union Minister of State for Agriculture and Farmers' Welfare, Shri Kailash Choudhary among others were present on the occasion.

Background

The Prime Minister dedicated to the nation six-lane greenfield expressway section of the Amritsar - Jamnagar Economic Corridor. Spanning over 500 km in Rajasthan, this section which runs from village Jakhrawali in Hanumangarh district to village Khetlawas in Jalore district is built at a cost of around Rs 11,125 crores. This expressway will significantly reduce travel time and improve connectivity between major cities, and industrial corridors. The expressway will not only facilitate seamless transportation of goods but also enhance tourism and economic development along its route.

Giving a boost to the power sector in the region, the Prime Minister dedicated Phase-I of the Inter-State Transmission Line for Green Energy Corridor worth around Rs 10,950 crores. The green energy corridor will integrate about 6 GW of renewable power and help in grid balancing of Renewable Power with Thermal Generation in Western Region and Hydro Generation in the Northern region, thereby strengthening transmission capacity between Northern Region and Western Region. The Prime Minister also dedicated Bikaner to Bhiwadi Transmission Line to be developed by Power Grid at a cost of around Rs 1,340 crores. Bikaner to Bhiwadi Transmission Line will help in the evacuation of 8.1 GW of Solar Power in Rajasthan. The Prime Minister dedicated a new 30-bedded Employees' State Insurance Corporation (ESIC) Hospital in Bikaner. The hospital will have a capacity upgradeable to 100 beds and will serve as a vital healthcare facility, catering to the medical needs of the local community and ensuring accessible and quality healthcare services.

Further, the Prime Minister laid the foundation stone for the redevelopment of the Bikaner Railway station. To be developed at a cost of around Rs 450 crores, the redevelopment work will involve renovation of all platforms along with flooring and ceiling while ensuring the preservation of the heritage status of the existing structure of the railway station.

The foundation Stone for the doubling of the 43 km long Churu – Ratangarh section was also laid by the Prime Minister. Doubling of this rail line will enhance connectivity, and facilitate easier transportation of gypsum, limestone, food grains and fertilizer products from Bikaner region to the rest of the country.

## अजमेर के बोराज व खरेखडी के स्कूलों में अव्यवस्थाएं ग्रामीणों ने जताया रोष

अजमेर। बोराज एंव खरेखडी के स्कूलों में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामवासियों की शिकायत पर बुधवार को पहुंचे संभागीय आयुक्त सीआर मीणा ने स्कूलों में अव्यवस्थाओं तथा समस्याओं का मौका निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने उनसे स्कूलों की जमीन की मौका रिपोर्ट करवाकर स्थिति सुधार कराने का आग्रह किया।ग्रामीणों ने बताया की विद्यालय की जमीन ही विद्यालय के नाम नहीं होने के कारण विकास कार्य नहीं हो रहा है। यह बच्चों के भविष्य के साथ सरासर खिलवाड है। स्कूलों के अधिकतर कमरों में बरसात का पानी गिरता है। बरसात के दिनों में स्कूल परिसर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

## पंजाब नेशनल बैंक की चंद्रवरदाई नगर शाखा का भव्य शुभारंभ

अजमेर। पंजाब नेशनल बैंक की शाखा चंद्रवरदाई नगर का बुधवार को नए भवन में भव्य शुभारंभ हुआ। उप महाप्रबंधक राम किशोर मीणा तथा मुख्य प्रबंधक मण्डल कार्यालय जयपुर संजय जैन ने फीता काटकर बैंक का विधिवत उद्घाटन किया तथा इस मौके पर मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना में भी भाग लिया। ज़िला समन्यवक अधिकारी राम प्रकाश चौधरी शाखा प्रमुख महेन्द्र सिंह चारण ने अतिथियों की अगवानी की।




उद्घाटन अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उप महाप्रबंधक राम किशोर मीणा ने बैंक की अनेकानेक ऋण योजनाओं के साथ साथ बैंक की ओर से अपने ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं जमा योजनाओं सरकार की ओर से आमजनों के लिए चलाई जा रही बीमा योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बैंक की रीति नीति से अवगत कराते हुए ग्राहकों को बेहतर सेवा और सुविधाएं प्रदान करने पर ज़ोर दिया।शाखा प्रमुख महेंद्र सिंह चारण ने बैंक की अपने ग्राहकों के प्रति सहयोग की प्रतिबद्धा दोहराते हुए शिक्षा णए गृह ऋण, मुद्रा ऋण वेंडर ऋण व अन्य ऋण योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सभी प्रकार की जमाओं, सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफ योजनाए एससीएसएस एवं बैंक की ओर से प्रदत् अन्य सुविधाओं की जानकारी दी।

समारोह में उपस्थित ग्राहकों ने चंद्रवरदाई नगर में स्टेडियम के सामने नए परिसर में बैंक शाखा कार्यालय खुलने और एटीएम सुविधा की उपलब्धता पर खुशी ज़ाहिर की साथ ही सुझाव भी दिए।

इस मौके पर बैंक की अजमेर शहर के समस्त शाखा प्रमुख एवं गणमान्य ग्राहक उपस्थित रहे। शाखा कार्यालय में नए ग्राहकों को जोड़ने के लिए शाखा प्रमुख व अन्य अधिकारियों.कर्मचारियों को मदद का भरोसा दिलाया।

**सावन का आनंद** मेला ग्राउंड पुष्कर में अंतराष्ट्रीय कथावाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ;सीहोर वाले के श्रीमुख से चल रही  श्री ब्रह्मा शिवमहापुराण कथा का आनंद लेते भक्तजन।



# करियर के शुरुआती दिनों में धर्मेंद्र से प्यार करती थी जया बच्चन



मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जया बच्चन का कहना है कि वह अपने करियर के शुरुआती दिनों में धर्मेन्द्र से प्यार करती थीं।करण जौहर निर्मित.निर्देशित फिल्म श्रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में धर्मेंद्र और जया बच्चन साथ नजर आएंगे। धर्मेंद्र और जया बच्चन ने शोले और गुड्डी जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया है।

जया बच्चन ने कहा है कि उन्हें करियर के शुरुआती दिनों में धर्मेंद्र पर क्रश था। जब वह धर्मेंद्र के साथ गुड्डी में काम कर रही थीं तो उनको देखकर सोफे के पीछे छुप जाया करती थीं। जया बच्चन के इस बयान पर धर्मेंद्र ने भी रिएक्शन दिया है।धर्मेंद्र ने कहा कि ये जया का प्यार और सम्मान है। मैं जया और अमिताभ को बहुत लंबे समय से जानता हूं। दोनों के साथ काम करने में मुझे मजा आता था। मुझे आज भी शोले की शूटिंग के दौरान बिताए गए मजेदार पल याद हैं।

# ऑनलााइन शॉपिंग के शौकिन भारतीय आय का 16 प्रतिशत करते हैं खर्च

नई दिल्ली। दूरस्थ क्षेत्रों तक स्मार्टफोन की पहुंच और सस्ते मोबाइल डेटा के बल पर महानगरों को छोड़कर छोटे शहरों के लोगों को भी ऑनलाइन शॉपिंग भाने लगा है क्योंकि इन शहरों में भारतीय एक सप्ताह में औसतन दो घंटे 25 मिनट ऑनलाइन शॉपिंग में लगाते हैं और इस दौरान अपनी आय का 16 प्रतिशत हिस्सा व्यय करते हैं।

टेक्नोलॉजी मार्केट रिसर्च और एडवाइजरी फर्म साइबरमीडिया रिसर्च सीएमआर के एक नए उपभोक्ता अध्ययन के अनुसार टियर 2 शहरों और उससे बाद के शहरों में भारतीय एक सप्ताह में औसतन 2 घंटे और 25 मिनट ऑनलाइन शॉपिंग करने में बिताते हैं और इस पर अपनी आय का लगभग 16 प्रतिशत खर्च करते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग के लिए शीर्ष तीन प्रेरक तत्वों में आकर्षक कीमतें ;57 प्रतिशत सुविधाजनक रिटर्न और एक्सचेंज प्रोसेस ;57 प्रतिशत सहित




अनूठे ऑफर ;49 प्रतिशत शामिल हैं। अध्ययन के अनुसार अमेज़न सबसे ज्यादा ;73 प्रतिशत पसंद किया जाने वाला ई.कॉमर्स प्लेटफॉर्म है इसके बाद फ्लिपकार्ट ;70 प्रतिशत मीशो 30 प्रतिशत जियोमार्ट ;20 प्रतिशत और अन्य हैं। अमेज़ॅन के 63 प्रतिशत यूजर्स का संतुष्टि स्तर सबसे अधिक है इसके बाद फ्लिपकार्ट के लिए 52 प्रतिशत और रिलायंस डिजिटल के लिए 46 प्रतिशत है।सीएमआर के अनुसार ईकॉमर्स द्वारा ऑफर किए जाने वाले विकल्पों सुविधा और आराम की विस्तृत सीरीज ने आकांक्षी भारत टियर 2 टियर 3 शहरों और उससे बाद के शहरों में अधिक ऑनलाइन खरीदारी करने और अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उभरते युवा उपभोक्ताओं को सशक्त बनाया है। अमेज़ॅन और फ्लिपकार्ट जैसी प्रमुख कंपनिया मीशो और अन्य जैसी विशिष्ट बाजार कंपनियां और टाटा तथा रिलायंस जैसे समूह इन बाजारों में जमकर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। पिछले छह महीनों में तीन में से दो उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन शॉपिंग पर 20000 रुपए तक खर्च किए हैं। पिछले 6 महीनों में टियर 2 खरीदारों का ऑनलाइन खरीदारी पर औसत खर्च 20100 रुपए टियर 1 खरीदारों के ऑनलाइन खर्च 21700 रुपए के लगभग बराबर है।

# बीजोपचार कर बाजरे की फसल को कीटों व रोगों से बचाएं

अजमेर। खरीब की फसल को कीटों एवं रोगों से बचाने के लिए बीजोपचार किया जाना आवश्यक है। ग्राह्य परीक्षण केन्द्र तबीजी फार्म के उप निदेशक कृषि शस्य मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि बाजरा राजस्थान की प्रमुख खाद्यान्न फसल है। साथ ही पशुओं के लिए हरे व सूखे चारे के लिए भी इसकी खेती की जाती है। इसकी बुवाई का उपयुक्त समय मध्य जून से जुलाई के तृतीय सप्ताह तक हैं।

बाजरे की फसल में सफेद लट, दीमक, तना मक्खी, तना छेदक, हरित बालीए अरगट व ब्लास्ट आदि कई अन्य हानिकारक कीटों तथा रोगों का प्रकोप होता हैं।

बाजरे की फसल को कीटों व रोगों से बचाने के लिए विभागीय सिफारिशों के अनुसार बीजोपचार किया जाए। बीजोपचार करते समय



अरगट रोग के लक्षणचित्र

हाथों में दस्ताने मुंह पर मास्क तथा पूरे वस्त्र पहनें।

संस्थान के कृषि अनुसंधान अधिकारी ;पौध व्याधि डॉ. जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि बाजरे की फसल को तुलासिताए हरित बाली व अरगट रोग काफी नुकसान पहुंचाते हैं। किसान बीजोपचार तथा रोग प्रतिरोधक किस्मों का प्रयोग कर इन रोगों से होने वाले नुकसान से बच सकते हैं। तुलासिता हरितबाली रोग की तुलासिता अवस्था में पौधे की पत्तियां पीली पड़ जाती हैं। उन पर पीली.सफेद धारियां बन जाती हैं। पत्ती की निचली सतह को देखने पर कवक वृद्धि दिखाई देती हैं। हरित बाली अवस्था में सिट्टे आंशिक अथवा पूर्णतया पत्तीनुमा संरचना में बदल जाते हैं। इनमें दाने नहीं बनते हैं। इस रोग के नियंत्रण के लिए रोग प्रतिरोधक किस्मों का बुवाई के लिए  उपयोग करें। साथ ही बीज को बुवाई से पूर्व 6 ग्राम एप्रोन एसडी 35 प्रतिकिलो बीज की दर से उपचारित करें।

उन्होंने बताया कि अरगट, चैंपा, गून्दिया रोग की शुरुआती अवस्था में सिट्टों पर गुलाबी शहद जैसी बूंदे दिखाई देती हैं। कुछ दिनों पश्चात संक्रमित सिट्टों में काले रंग के स्कलेरोशिया बन जाते हैं।

इस रोग के बचाव के लिए बीज को नमक के 20 प्रतिशत घोल ;एक किलो नमक एवं पांच लीटर पानी में लगभग पांच मिनट तक डुबो कर हिलाएं। तैरते हुए हल्के बीज और कचरे को जला देवें। शेष बचे हुए बीज को साफ पानी से धोकर छाया में सूखाएं। थाइरम 3 ग्राम प्रतिकिलो बीज के हिसाब से उपचारित कर बुवाई करें।

संस्थान के सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी ;कीट डॉ. दिनेश स्वामी ने बताया कि बाजरे की फसल को सफेद लटए दीमकए तना मक्खी व तना छेदक कीट से बचाने के लिए बीजोपचार सर्वश्रेष्ठ उपाय है। इसके लिए बाजरे के बीजों को ईमिडाक्लोप्रिड 600 एफ़एस की 8.75 मिलीलीटर मात्रा अथवा क्लोथायोनिडिन 50 डब्ल्यूडीजी 7.5 ग्राम प्रतिकिलो बीज की दर से आवश्यकतानुसार पानी में घोल बनाकर बीजों पर समान रुप से छिड़काव कर उपचारित करें। उन्हें छाया में सुखाकर 2 घण्टे के अन्दर ही बुवाई करें।

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम

**स्वास्तिक मोटर्स**

एच.पी पेट्रोल पंप

आगरा गेट के पास जयपुर रोड अजमेर

मोबाइल . 9414004687

**डीलर पार्टनर राजेश अंबानी**

सन् 1958 से आज तक ग्राहकों का भरोसा

ईमानदारी हमारी पहचान

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम

**श्रीबालाजी फ्यूल्स**

एच.पी. पेट्रोल पंप

बाघसुरी गांव मसूदा रोड नसीराबाद

मोबाइल - 9887907277, 9414534529

**डीलर - बबिता टांक**

सेवा का मौका देवें

आपका विश्वास ही हमारी पूंजी

1 नंबर पेट्रोल पंप, 1 नंबर फ्यूल




# अजमेर डिस्कॉम क्षेत्र में 79852 घरों में बिजली पहुंचाने सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अजमेर डिस्कॉम क्षेत्र में 79 हजार 852 घरों में बिजली पहुंचाने आधुनिक उपकरणों से वन्यजीवों की निगरानी मजबूत करने सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी है।अजमेर डिस्कॉम क्षेत्र के सात जिलों के 79 हजार 852 घर शीघ्र ही बिजली से रोशन होंगे और गहलोत ने ऐसे अविद्युतीकृत घरों में बिजली पहुंचाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह कार्य पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना आरडीएसएस के तहत किया जाएगा। गहलोत के निर्णय से सौभाग्य योजना की समाप्ति व प्रदेश में 31 मार्च 2019 के बाद विद्युतीकरण से वंचित रहे घरों में बिजली पहुंचाई जाएगी। इस कार्य हेतु 282.12 करोड़ रुपए राज्य सरकार द्वारा व्यय किए जाएंगे।विद्युतीकृत होने वाले घरों में बांसवाड़ा जिले के 14990 डूंगरपुर जिले के 4189 नागौर जिले के 15615 प्रतापगढ़ जिले के 890 राजसमंद जिले के 9501 सीकर जिले के 77 तथा उदयपुर जिले के 34590 घर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बजट वर्ष 2023.24 में इस संबंध में घोषणा की थी।प्रदेश में वन्यजीवों की निगरानी आधुनिक तकनीक युक्त उपकरणों से करने के साथ ही वन क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए वायरलेस सिस्टम में भी सुधार किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री ने आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने और उपकरणों की खरीद के लिए 15 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है।इस निर्णय से ड्रोन के माध्यम से सीडिंग के साथ वायरलेस सिस्टम को मजबूत बनाया जाएगा। ट्रैप कैमरों से वन्यजीवों की निगरानी की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री वर्ष 2023.24 के बजट इस संबंध में घोषणा की थी।अशोक गहलोत ने जयपुर के श्री गोविन्द देव जी मंदिर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 20.30 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। गहलोत ने बीकानेर के श्री राजरतन बिहारी मंदिर में भी जीर्णोद्धार एवं सुविधाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति दी है। इसमें 3062 करोड़ रुपए की लागत आएगी। दोनों ही जगह राशि पर्यटन विकास कोष से खर्च की जाएगी। गहलोत के इन निर्णयों से इन मंदिरों का सौन्दर्यीकरण, मंदिर मार्गों एवं जन सुविधाओं का विस्तार हो सकेगा। श्रद्धालुओं को भी दर्शन में सुगमता होगी।

उल्लेखनीय है कि अशोक गहलोत ने बजट में 100 करोड़ रुपए की लागत से श्री गोविंद देव जी मंदिर परिसर में भव्य कॉरिडोर व अन्य विकास कार्य कराए जाने की घोषणा की थी। यह कॉरिडोर काशी विश्वनाथ और उ'जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर बनेगा। इससे श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ेगी।

# अरविंद यादव बने भाजपा प्रदेश मीडिया सहसंयोजक

अजमेर। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान ने पार्टी के प्रमुख विभागों के प्रदेश संयोजक व सह संयोजकों की घोषणा कर दी। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने अजमेर के पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद यादव को भाजपा राजस्थान का मीडिया सह संयोजक बनाया है।अरविंद यादव वर्ष 1986 मे युवा मोर्चा मे तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष कालीचरण सराफ की टीम में अजमेर जिला अध्यक्षए फिर युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्षए डॉ किरोड़ी लाल मीणा की टीम में प्रदेश मंत्रीए शिवराम यादव की टीम में प्रदेश उपाध्यक्षए ओम बिरला की टीम में प्रदेश मंत्री रहे। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां की तारागढ़ से लोहागढ़ की पदयात्रा में सह संयोजकए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश माथुर की कार्यकारिणी में सदस्य व मीडिया प्रभारी का दायित्व निभाया।वे अजमेर भाजपा में पूर्णशंकर दशोरा, शिव शंकर हेड़ा, रासा सिंह रावत की जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता रहे। साल 2014 से 2019 का भाजपा के शहर जिला अध्यक्ष पद पर भी रहे। यादव ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के विचार व केन्द्र की योजनाओं को मीडिया के माध्यम से हर जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा।

## अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी बने किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष

अजमेर। राजस्थान में अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी को भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।सांसद चौधरी ने नियुक्ति के बाद जारी पहले बयान में कहा कि .प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में देश के अन्नदाता को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया गया है। कृषि को सशक्त बनाने और किसान कल्याण के अनेकों काम हुए हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो भी दायित्व दिया गया हैए उसे वे पूर्ण निष्ठा तथा कर्तव्य के साथ पूरा करेंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजयसिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड, अजमेर 305001 से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजयसिंह मो. 9887907277